दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक : /2025–26 दिनांक : 14.03.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 14.03.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 25 व 26 फरवरी 2026 को सम्पन्न हुई वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संवाद कक्ष में सम्पन्न हुआ।

विजयी व प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि श्री रामजन्म सिंह, संयुक्त सचिव महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर ने कहा कि एक खिलाड़ी यदि स्वयं को लाचार न समझे तो वह निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर लेगा। सतत् प्रयास, अनुशासन व समर्पण की भावना खिलाड़ियों का मूल गुण होता है। खेल द्वारा धैर्य, एकाग्रता व सहयोग की भावना जागृत होती है। आज के दौर में खेल का दायरा महज मनोरंजन और फिटनेस तक सीमित नही रहा है, अब खेल बेहतर भविष्य के निर्माण का पथ भी प्रशस्त कर रहा है। सरकार की योजनाओं की देन है कि सामान्य घरों व ग्रामीण अंचल के बच्चे भी अब खेल के क्षेत्र में आकर्षित हो रहे है और बेहतर प्रदर्शन कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहे। सफलता के लिए निरन्तर परिश्रम करना होता है। जीतने वाले कोई अलग कार्य नहीं करते है बल्कि अपने कार्य को अलग ढ़ग से करते है, इसी कारण विजेता अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त करते है।

वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि जीवन में अनुशासन व समयबद्धता का विशेष महत्व है। खेल भावना एक अच्छे खिलाड़ी के व्यक्तित्व का परिष्कार करता है। सद्भाव, सामूहिकता व सहिष्णुता का भाव खेल में देखने को मिलता है। हमें स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए तथा तकनीकि का प्रयोग कर के जीवन में सफलता प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

आज के कार्यक्रम में कुल 85 खिलाड़ियों सहित महाविद्यालय की वालीबाल, बास्केटबाल, कबड्डी टीम के खिलाड़ियों के साथ–साथ प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग किये

☎ : 0551-2334549

: 09792987700

e-mail : dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in

हुए खिलाड़ियों को भी आज पुरस्कृत किया गया। बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अतुल सिंह तथा बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सोनाली मौर्या ने किया।

कार्यक्रम में स्वागत एवं अतिथि परिचय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. परीक्षित ने, संचालन डॉ. नितीश शुक्ला ने तथा आभार ज्ञापन क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री अवधेश कुमार शुक्ला ने किया।

उक्त अवसर पर डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. रामप्रसाद यादव, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, डॉ. सुरेन्द्र चौहान, डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. अखण्ड प्रताप सिंह, डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. सरिता सिंह, डॉ. कामिनी सिंह सहित शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

(डॉ.) सुनील कुमार सिंह

सह–प्रभारी, मीडिया एवं जनसम्पर्क